# Greenlawns School - Worli

## Final Examination - 2016 -2017

कक्षा :- पाँचवीं | पूर्णांक :- 80

विषय :- हिंदी

दिनांक :- 16.02.17 | समय :- 2 घण्टे

---

सूचना :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
2. शुध्द भाषा व सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

---

विभाग - अ ( अंक - ४० )

भाषा - विभाग

प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :- (10)

i. मानव जीवन में पशुओं का महत्त्व

ii. देश के राष्ट्रपिता : महात्मा गाँधी

iii. मेरा कंप्यूटर

प्रश्न 2) नीचे दिए गए मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए और अंत में उससे मिलनेवाली सीख तथा उसका शीर्षक भी लिखिए :- (7)

चंदू नाम का लड़का ..... केले खाने का शौक ..... छिलका इधर - उधर फेंकने की आदत ..... समझाने का असर नहीं ..... एक बार केला खाते समय कटी पतंग को गिरते हुए देखना ..... पतंग पकड़ने के लिए दौड़ना ..... केले के छिलके पर पैर पड़ना ..... ज़मीन पर गिरना ..... सिर में चोट लगना ..... उसके बाद सबक सीखना ..... छिलके कूड़ेदानी में डालने लगना ..... सीख ..... शीर्षक ।

प्रश्न 3) नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (10)

श्रवण कुमार अपने माता - पिता की इकलौती संतान था । वह अपने माता - पिता से बहुत प्यार करता था । उनकी हर इच्छा वह पूरी करता था । श्रवण के माता - पिता की इच्छा थी कि वे तीर्थ - यात्रा करें , पर वे

---

दोनों नेत्रहीन थे। उन्होंने अपनी इस इच्छा को श्रवण कुमार के सामने प्रकट किया। आज्ञाकारी पुत्र श्रवण कुमार ने अपने माता - पिता की इच्छा पूरी करने के लिए एक काँवर तैयार की, जिसमें उसके माता - पिता आराम से बैठ सकें। उसने एक तरफ काँवर में अपनी माँ को तथा दूसरी तरफ अपने पिता को बिठाया तथा काँवर कँधे पर लेकर तीर्थ - यात्रा के लिए चल पड़े।

श्रवण अपने माता - पिता को कई तीर्थ स्थानों पर ले गया, जिससे वे अति प्रसन्न थे। अयोध्या पहुँचकर श्रवण के माता - पिता ने कहा कि उन्हें प्यास लगी है। श्रवण पानी लेने नदी पर पहुँचा। जब वह लोटे में पानी भर रहा था, तो पानी भरने की आवाज को राजा दशरथ ने, जो वहाँ शिकार करने के लिए आए हुए थे, किसी जानवर के पानी पीने की आवाज़ समझा और तीर चला दिया। तीर श्रवण की छाती में जा लगा। राजा ने जब देखा तो वे बहुत दुखी हुए और अपनी गलती के लिए श्रवण कुमार से माफ़ी माँगी। श्रवण ने राजा दशरथ से प्रार्थना की, कि "मेरे माता - पिता अंधे हैं। वे पेड़ के नीचे प्यासे बैठे हैं, उन्हें पानी पिला दो।" यह कहकर श्रवण कुमार ने प्राण त्याग दिए।

राजा दशरथ पानी लेकर गए, तो श्रवण के माता - पिता ने देर करने का कारण पूछा, तब महाराज ने पूरी बात बताई और अपनी गलती के लिए क्षमा माँगी। अपने बेटे की मृत्यु का समाचार सुनकर उन्होंने राजा दशरथ को माफ़ नहीं किया, बल्कि शाप दिया, "एक दिन तुम भी पुत्र वियोग में मरोगे," कहते हुए श्रवण के माता - पिता ने भी अपने प्राण त्याग दिए।

प्रश्न :-

i. श्रवणकुमार के माता - पिता की क्या इच्छा थी? उसे पूरा करने के लिए उसने क्या किया? (2)

ii. श्रवण कुमार की मृत्यु कैसे हुई? (2)

iii. राजा दशरथ को किसने व क्या शाप दिया व क्यों? (2)

iv. श्रवण कुमार ने अंतिम समय राजा दशरथ से क्या प्रार्थना की? (2)

v. इस गद्यांश से आपने क्या सीखा ? (2)

## व्याकरण - विभाग

प्रश्न 4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i. निम्नलिखित शब्दों के दो पर्यायवाची शब्द लिखो :- (2)

1. अतिथि　　2. फूल

ii. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो :- (2)

1. मितव्ययी　　2. स्वार्थ
3. वीर　　4. उचित

iii. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो :- (2)

1. जो प्रशंसा के योग्य हो -
2. देश - विदेश में घूमनेवाला -
3. जो कम बोले -
4. जिसका कोई शत्रु न हो -

iv. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :- ( कोई दो ) (3)

1. पत्थर की लकीर होना -　　2. पीठ दिखाना -
3. छाती पर साँप लोटना -

v. निम्नलिखित वाक्यों में काल पहचानकर उसके भेद लिखिए :- (1)

1. रोगी व्यक्ति सदा अशांत और परेशान रहता है ।
2. देश की रक्षा के लिए शस्त्र विद्या उनके काम आएगी ।

vi. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्रियाविशेषण पहचानकर उसके भेद लिखिए :- (1)

1. रोहन बहुत आलसी है क्योंकि वह तो <u>दिनभर</u> सोता रहता है ।
2. बच्चे कक्षा में <u>शांतिपूर्वक</u> बैठे हैं ।



उलटकर देखिए

vii. सही कारक चिह्नों से खाली जगह भरिए :- (2)

1. राजा ......... भिखारी ......... दान दिया।

2. बंदर पेड़ ......... कूद रहा था और अचानक वह पेड़ ......... नीचे गिरा।

विभाग - ब ( अंक - ४० )

साहित्य - विभाग

प्रश्न 5) अ) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (12)

i. गाँधीजी के हाईस्कूल में परीक्षा - काल के समय की उल्लेखनीय घटना का वर्णन कीजिए।

ii. स्कूल पहुँचते ही लड़कों ने निशीथ को फटफट सिंह कहना क्यों शुरू कर दिया ?

iii. ' सत्यवादी हरिश्चंद्र ' इस नाटक का गाँधीजी पर क्या प्रभाव पड़ा ?

iv. निशीथ के झटपट पेड़ पर चढ़ने का क्या परिणाम हुआ ? निशीथ की कथा से आपने क्या सीखा ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :- (3)

i. निशीथ ने कौन - सी कविता याद की थी ?

ii. गाँधीजी में कौन - सा स्वाभाविक गुण था ?

iii. पिताजी की खरीदी हुई कौन - सी किताब गाँधीजी बड़े चाव से पढ़ गए ?

इ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- (3)

i. ......... की ......... ने सब बच्चों को एक - एक कविता याद करके आने को कहा था।

ii. पोरबंदर से पिताजी ......... ......... के सदस्य होकर राजकोट गए।

iii. उन दिनों ......... के .........में शीशे से चित्र दिखानेवाले भी दरवाज़े - दरवाज़े फिरा करते थे।

उ) निम्नलिखित वाक्य किसने , किससे कहा लिखिए :- (3)

i. " रोज़ वाली स्कूल ड्रेस क्यों पहनी ? "

ii. " इतनी जल्दबाज़ी भी ठीक नहीं । "

iii. " वहीं स्कूल में पहन लूँगा । "

ऊ) शब्दार्थ लिखिए :- (3)

1. असेंबली 2. आफ़त

3. हिज्जे 4. श्रेणी

5. चाव 6. झेंपू

कविता - विभाग

प्रश्न 6) क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (4)

1. प्यारे बेटे को नीचे बुलाने के लिए माँ क्या - क्या लालच देती है ?

2. माँ को ध्यान में लगा देखकर बालक क्या शरारत करता है ?

3. ' कदंब का पेड़ ' इस कविता की रचना किसने की है ?

प्रश्न 6) ख) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :- (4)

रोको ..............................

..........................................

..........................................

..........................................

..........................................

..........................................

............................. चुकाएँगे ।

ग) शब्दार्थ लिखिए :- (2)

1. सेवा 2. उद्यम

3. विकल 4. कर्ज़

## मधु - कलश

प्रश्न 7) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

i. हीरा - मोती किसे चाहते थे और क्यों ? (2)

ii. " यह काम थोथी पोथियों का नहीं है । " पंडितजी का यह वाक्य किसने सुना व उसके बाद उसने क्या - क्या किया ? (2)

iii. हीरा - मोती कांजी हौस कैसे पहुँचे ? (2)

---------------- स मा प्त ----------------